हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 22 जुलाई 2025
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

4 बीएमएस यूनियन बहुमत से फिर शीर्ष पर



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## गेज बांध स्थित शिव मंदिर के लिए कांवरिया

# बोल बम के नारों से गूंजी कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सावन माह के दूसरे सोमवार को जिला मुख्यालय के समीप छिंददांड के कोड़िया बांध शिव मंदिर से गेज बांध शिव मंदिर तक शिवभक्तों ने भक्ति भाव से ओत-प्रोत कांवड़ यात्रा निकाली।

इस पवित्र यात्रा में महिलाएं, युवा तथा छोटे-छोटे बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। श्रद्धालु भक्तों ने कौड़ियां बांध से पवित्र जल भरकर भगवान शिव के जयकारों बोल बम, हर-हर महादेव के साथ गेज बांध शिव मंदिर तक पदयात्रा की। वहां पहुंचकर सभी ने शिवलिंग का जलाभिषेक कर प्रदेश की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। पूरी यात्रा के दौरान विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने व्यवस्था संभालते हुए श्रद्धालुओं के लिए जलपान, चिकित्सा सहायता एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की।



कॉवर यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

### प्रेमाबाग में हुई विशेष पूजा-अर्चना



शहर समेत जिलेभर के शिवालयों में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ी रही। शहर के प्रसिद्ध प्रेमाबाग शिव मंदिर में सुबह होते ही श्रद्धालुओं का तांता लग गया। विधि-विधान से भक्तों ने बेलपत्र, जल, दूध, धतूरा, भस्म और पुष्प आदि अर्पित कर भगवान शिव की आराधना की। प्रेमाबाग शिव मंदिर में हर सोमवार को अखंड रामायण का आयोजन किया जा रहा है। वहीं शहर के पुलिस लाइन, स्कूलपारा, चेर, ओड़गी नाका, झुमका बांध, सोनहत मार्ग के जंगलों में स्थित शिवघाट मंदिर और अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में भी भक्तों की भारी भीड़ देखी गई।

### भवानी तिगड़ा समिति ने कराया भोग-भंडारा



सोमवार को बैकुंठपुर की दुर्गा पूजा समिति भवानी तिगड़ा के तत्वावधान में दुर्गा मंदिर पीपल पेड़ के नीचे विशाल भोग-भंडारे का आयोजन किया गया। समिति के सदस्यों ने बताया कि सावन मास के प्रत्येक सोमवार को भंडारे का आयोजन नियमित रूप से करने का संकल्प लिया गया है। भंडारे में चंदन गुप्ता (भाई जी) के सहयोग से तथा समिति के अन्य सक्रिय सदस्यों के द्वारा भोग का निर्माण एवं वितरण किया गया।

### मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



**चरचा कॉलरी।** सोमवार को चरचा कॉलरी क्षेत्र के सभी प्रमुख शिव मंदिरो में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए श्रद्धालु सुबह 5 बजे से ही मंदिरों में जुटने लगे और पूजा-अर्चना का क्रम देर शाम तक चलता रहा। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में भगवान शिव का जलाभिषेक कर बेलपत्र, धतूरा, भांग, आंकड़ा, चंदन, दूध, चावल, भस्म व रुद्राक्ष अर्पित किए। बस स्टैंड महादेव मंदिर में सुबह से भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। सुभाष नगर सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, बीटीसी मुक्तेश्वर महादेव, स्टाफ कॉलोनी शिव-पार्वती मंदिर, माता जगत जननी मंदिर में भी जलाभिषेक और पूजा-अर्चना की गई। सावन सोमवार के अवसर पर भंडारा व प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी जगह-जगह की गई थी। बस स्टैंड शिव मंदिर में अजय मंडल व उनकी टीम द्वारा खिचड़ी भंडारा किया गया। थाना चरचा परिसर में थाना प्रभारी प्रमोद पांडेय व पुलिस कर्मियों के सहयोग से भंडारा आयोजित हुआ। सुभाष नगर शिव मंदिर, चरचा ईस्ट काली मंदिर और हनुमान मंदिर प्रांगण में रोशन ओझा द्वारा खिचड़ी प्रसाद वितरित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल ने सावन सोमवार के अवसर पर सभी मंदिर परिसरों की विशेष साफ-सफाई करवाई गई।

### संगीत के संग रूद्राभिषेक

**मनेन्द्रगढ़।** श्रावण मास की पुण्य बेला में नगर में भक्ति की अविरल धारा बह रही है। इसीक्रम में वार्ड क्रमांक 12 सीएमओ बंगले के सामने स्थित प्राचीन श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में सोमवार को भव्य संगीतमय रूद्राभिषेक का आयोजन हुआ। श्रद्धा, भक्ति और शांति के वातावरण में संपन्न इस आयोजन में काफी संख्या में श्रद्धालु, विशेष रूप से महिलाओं ने भाग लेकर भगवान शिव की आराधना की और पुण्य लाभ अर्जित किया। पीपल वृक्ष की छांव में स्थित प्राचीन शिव मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार और संगीतमय वातावरण के बीच भगवान शिव का विधिपूर्वक रूद्राभिषेक किया गया। ॐ नमः शिवाय के मंत्रोच्चार और शिव भजनों की मधुर ध्वनि से मंदिर परिसर शिवमय हो उठा। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय भजन मंडलियों द्वारा शिव तांडव स्तोत्र, शिव महिम्न स्तोत्र, आरतियों एवं भक्तिपूर्ण गीतों की प्रस्तुति ने समस्त श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति से भर दिया। मंदिर समिति की ओर से जानकारी दी गई कि श्रावण मास में प्रतिदिन मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन हो रहे हैं, इनमें नगरवासियों की सहभागिता दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। विशेष रूप से सावन सोमवार को श्रद्धालुओं की काफी संख्या में उपस्थिति रहती है। इस अवसर पर नगर की वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती इंद्रा सेंगर, लक्ष्मी जायसवाल, सरोज ताम्रकार, ऋतु पाठक, गीता देवी, माया देवी, कनक सेंगर, गुनगुन पाठक, नीतू सिंह, सरिता पाण्डेय समेत अनेक श्रद्धालु महिलाएं उपस्थित रहीं। महिला समिति की प्रमुख श्रीमती लक्ष्मी जायसवाल ने बताया कि जो श्रद्धालु भगवान शिव का पार्थिव पूजन या रूद्राभिषेक कराना चाहते हैं, वे मंदिर पहुंचकर संपर्क कर सकते हैं।





प्रदर्शन में शामिल शिक्षक।

# दो सूत्रीय मांगों को लेकर सेजेस संविदा शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में कार्यरत संविदा शिक्षकों और कर्मचारियों ने अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर 20 जुलाई को प्रदेशव्यापी सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन छग स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक व कर्मचारी संघ के बैनर तले राज्य के 28 जिलों में आयोजित किया गया।

कोरिया जिले में भी इस प्रदर्शन का व्यापक असर देखने को मिला। जिले के शिक्षक एवं कर्मचारी संघ के अध्यक्ष गोपाल दत्त उर्मलिया ने बताया कि कोरिया के सभी संविदा शिक्षक इस प्रदेश स्तरीय आंदोलन का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि शासन उनकी मांगों को गंभीरता से लेते हुए उनके हित में निर्णय लेगा। संघ की ओर से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम एक ज्ञापन भी जिला प्रशासन को सौंपा गया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष दुर्योधन यादव के मार्गदर्शन में हुए इस आंदोलन की दो मुख्य मांगे रही। इसमें नियमित वेतनवृद्धि और वेतनमान निर्धारण, शिक्षा विभाग में समावेशन एवं नियमितीकरण। संविदा शिक्षकों ने बताया कि वे वर्ष 2020 से लगातार पूर्णकालिक सेवा दे रहे हैं, बावजूद इसके उन्हें न तो नियत वेतनमान मिल रहा है और न ही वार्षिक वेतनवृद्धि का कोई प्रावधान किया गया है। संघ ने यह बताया कि पूर्व शिक्षामंत्री एवं वर्तमान सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी सार्वजनिक मंचों से इन मांगों का समर्थन कर चुके हैं।

### सेवा में स्थायित्व और सम्मान की मांग

संविधान के अनुच्छेदों का हवाला देते हुए संघ ने यह मांग की कि शिक्षकों को शिक्षा विभाग में समाहित कर नियमित किया जाए, जिससे उन्हें सेवा सुरक्षा मिल सके कऔर वे निडर होकर शिक्षा गुणवत्ता में बेहतर योगदान दे सकें। प्रदेशभर में 13 से 14 हजार संविदा शिक्षक आत्मानंद स्कूलों में कार्यरत हैं। इनमें से अधिकांश शिक्षकों को उनके पद के अनुसार नियमित कर्मचारियों से 10 से 15 हजार रूपए तक कम वेतन मिलता है। संविदा शिक्षक 2020 से सेवा में हैं, लेकिन आज भी कई जिलों में उन्हें मानदेय समय पर नहीं मिल पाता, जिससे आर्थिक संकट उत्पन्न होता है, बावजूद इसके सीमित संसाधनों के साथ इन शिक्षकों ने स्कूलों को राज्य के अग्रणी शिक्षण संस्थानों में तब्दील करने में अहम भूमिका निभाई है।

## खबर संक्षेप

### राजीव भवन में कांग्रेस की बैठक आज

**बैकुण्ठपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 22 जुलाई को कांग्रेस जिला कार्यालय राजीव भवन में 11 बजे जिला प्रभारी एवं पूर्व विधायक डॉ.विनय जायसवाल की उपस्थिति में मंडल एवं सेक्टर का पुर्नगठन के लिए बैठक आयोजित की गई है। उक्त जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने बताया कि इसी दिन कांग्रेस द्वारा कांग्रेस कार्यालय के समक्ष आमसभा किया जाएगा एवं चक्काजाम आंदोलन भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों एवं ईडी की द्वेषपूर्ण कार्रवाई के विरोध में किया जाएगा, इसके पश्चात प्रदेशव्यापी आर्थिक नाकाबंदी, चक्काजाम, आंदोलन आयोजित किया गया है। वहीं विद्युत दर वृद्धि के विरोध में कार्यालय घेराव एवं ज्ञापन राज्यपाल के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### ऑनलाइन एंट्री के लिए लगी ड्यूटी

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर कार्यालय के आदेशानुसार अनुविभागीय अधिकारी (रा.) के द्वारा ब्लॉक भरतपुर के निवासियों की सुविधा के लिए भरतपुर में अपर कलेक्टर विनायक शर्मा के द्वारा जनदर्शन प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ मंगलवार को लिया जाना प्रस्तावित है। जिसमें प्राप्त आवेदनों को ऑनलाइन पोर्टल में इन्द्राज करने एवं निराकरण करने के लिए राजीव प्रधान डाटा एंट्री ऑपरेटर (भुईया) को ऑनलाइन आवेदनों को पोर्टल में दर्ज एवं निराकृत करने, रमाकांत सिंह डाटा एंट्री ऑपरेटर (निर्वाचन) को सहायक, रावेन्द्र पाण्डेय सहायक ग्रेड 3 को कार्य का निरीक्षण कर अवगत कराने, संकल्प सिंह सहायक ग्रेड 3 को ऑनलाइन को पंजीबद्ध करने की ड्यूटी लगाई गई है। इसके साथ ही श्रीलाल बैगा तथा बृजबहादुर सिंह भृत्य की भी ड्यूटी लगाई गई हैं।

### नपाध्यक्ष ने वार्डों का किया भ्रमण



**बैकुण्ठपुर।** सोमवार को नगरपालिका बैकुंठपुर की अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, वार्ड पार्षद अवधेश सिंह, धीरज शिवहरे के द्वारा पालिका के कर्मचारियों के साथ वार्ड में बिगड़ी स्ट्रीट लाइट एवं रोड किनारे गाजर घास की सफाई कराया गया। वार्डो में मशीन के उपयोग से घास कटिंग करने के साथ मौसमी गाजर घास की भी सफाई करा कीटनाशक की भी छिड़काव किया गया, जिसमें सुबह से सभी सफाई कर्मचारियों व बिजली विभाग के लिफ्टर से और कर्मचारियों के द्वारा लाइट ठीक कर, कई नई लाइट लगाया गया।

### 4 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**मनेन्द्रगढ़।** छग शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 में संशोधित प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा में मृतकों के परिजन को सहायता प्रदान करने की व्यवस्था की गई है। इसी क्रम में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के परिशिष्ट-1 की कंडिका-6(क)(1) के अंतर्गत ग्राम डोंगरीटोला, तहसील भरतपुर निवासी विनोद सिंह की बाढ़ के पानी में डूबने से हुई मृत्यु के पश्चात उनकी पत्नी नानबाई को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# कोरिया कालरी में पानी की भारी किल्लत

- हजारों लीटर पानी टैंकर से बहा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरिया कॉलरी

चिरमिरी में पीने के पानी की जबरदस्त किल्लत के बीच नगर पालिक निगम की बड़ी लापरवाही सामने आई है। पीएचई विभाग के सप्लाई पॉइंट से पानी भरते समय निगम के जर्जर टैंकर से हजारों लीटर पानी बह गया। इस घटना से क्षेत्र में आक्रोश फैल गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते सप्ताह भारी बारिश के कारण हसदेव नदी में बने इंटक वेल से पीएचई विभाग की संपूर्ण पाइपलाइन बह गई थी, इससे पूरे चिरमिरी क्षेत्र में जल संकट गहरा गया। नगर निगम और पीएचई विभाग द्वारा जलापूर्ति बहाल करने में असमर्थता जताते हुए जनता से 10 दिनों का समय मांगा गया था। हालांकि धीरे-धीरे जल आपूर्ति व्यवस्था कुछ हद तक बहाल हो रही है, लेकिन अभी भी पूर्ण बहाली नहीं हो पाई है। इसी बीच कर्मचारियों की लापरवाही सामने आने लगी है। ताजा मामला पीएचई सप्लाई पॉइंट पर देखने को मिला, जहां से नगर निगम के टैंकर पानी भरते हैं और वार्डों में वितरण करते हैं। सोमवार की सुबह के समय पानी भरने के दौरान टैंकर से पानी ओवरफ्लो होता रहा और ड्राइवर मौके पर मौजूद नहीं था।

नतीजतन कई हजार लीटर पानी सड़क पर बह गया। एक ओर जहां लोग पीने की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं, वहीं दूसरी ओर निगम की यह गंभीर लापरवाही सवालों के घेरे में है। घटनास्थल से प्राप्त तस्वीरों और वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि टैंकर जर्जर स्थिति में है और पानी लगातार बह रहा है।

### 65 हजार से अधिक लोगों की हुई सिकलसेल जांच

**बैकुण्ठपुर।** जनजातीय विकास को समर्पित धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान ने कोरिया जिले के सुदूर अंचलों में सामाजिक परिवर्तन की नई लहर पैदा की है। 15 जून से 15 जुलाई तक चले इस एक माह के विशेष अभियान के दौरान 154 जनजातीय ग्रामों में शिविरों और डोर-टू-डोर सेवाओं के माध्यम से विभिन्न सरकारी योजनाएं और जरूरी दस्तावेज आमजन तक पहुंचाए गए। जिला प्रशासन की देखरेख में बैकुंठपुर विकासखंड 138 तथा सोनहत विकासखंड़ के 16 ग्रामों में आयोजित 175 शिविरों में 37,469 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इसमें 65,298 लोगों की सिकलसेल एनीमिया की जांच की गई। जांच में 23 क्षय रोगी भी चिन्हित किए गए, जिन्हें आवश्यक उपचार के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया। अभियान के दौरान 768 आधार कार्ड, 320 आयुष्मान भारत कार्ड, 391 जाति प्रमाण पत्र, 361 निवास प्रमाण पत्र,1,231 सुकन्या समृद्धि योजना खाते जैसी विभिन्न सेवाएं प्रदान की गईं।

# एक पेड़ मां के नाम थीम पर कॉलेज में पौधरोपण




हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना की महिला एवं पुरूष इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की प्राचार्य एवं जिला संगठनकर्ता डॉ.एमसी हिमधर के संरक्षण तथा कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती जयश्री प्रजापति के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर जिला संगठनकर्ता डॉ. हिमधर ने अभियान के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम प्रत्येक वर्ष एक पौधा अपनी मां के नाम से अवश्य लगाएं और उसे संरक्षित करें। उन्होंने स्वयंसेवकों को प्रेरित किया कि वे अपने घर, बाड़ी अथवा खेत की मेड़ों में पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने के इस अभियान को जन आंदोलन का रूप दें। कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती जयश्री प्रजापति ने कहा कि देश के सतत विकास के लिए पर्यावरण संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। पर्यावरण सुरक्षा के बिना किसी भी राष्ट का विकास अधूरा है। इस अवसर पर स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में आम, अमरूद, आंवला, कदम, जामुन, कटहल, पीपल, गुलमोहर, करंज जैसे छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। इसके अतिरिक्त पूर्व में लगाए गए पौधों की साफ-सफाई कर उन्हें वृक्षरक्षकों (ट्री गार्ड) से सुरक्षित किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. जीके मिश्रा, डॉ. विनय शुक्ला, भूपेन्द्र सिंह सहित महिला इकाई की नवनियुक्त कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती जयश्री प्रजापति ने स्वयं भी सहभागिता की।

- पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी : डॉ. हिमधर

कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ स्वयंसेवक कृष्णा राजवाड़े, शशि पोर्ते, तौफिक खान, तनुप्रिया यादव, विकास खटीक, प्रभुराम, सागर, करण, रीता, धनेश्वर सिंह, संजना, रीना, नीरज राजवाड़े, श्रेयश, नेहा, अंकित, अनुज, मेघा, उजाला और सुनैना का विशेष योगदान रहा।

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने बैकुंठपुर की मिठाई दुकानों पर की कार्रवाई

# त्यौहार के पूर्व नकली खोवा और मिठाइयों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- नमूने जांच के लिए भेजे गए रायपुर

रक्षाबंधन त्यौहार को ध्यान में रखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग को आशंका है कि इस दौरान बाजार में नकली खोवा, पनीर और मिलावटी मिठाइयों की बिक्री बढ़ सकती है, जो लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती है।

खासकर सीमावर्ती राज्यों से घटिया गुणवत्ता वाले मावा, कुंदा, खोवा और दुग्ध उत्पादों की आपूर्ति की आशंका को देखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन छग द्वारा पूरे प्रदेश में सघन निरीक्षण अभियान शुरू किया गया है। नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन दीपक कुमार अग्रवाल (आईएएस) के निर्देशानुसार 21 जुलाई को जिले के मिठाई दुकानों और दुग्ध सामग्री विक्रय ईकाइयों पर वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान पॉपुलर स्वीट कॉर्नर, पुराना बस स्टैंड और बड़े भैया स्वीट्स, भट्टीपारा से संदेहास्पद खोवा का विधिक नमूना संकलित किया गया। यह नमूना राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, कालीबाड़ी रायपुर भेजा गया है, जहां इसकी गुणवत्ता एवं शुद्धता की जांच की जाएगी।

रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 के अंतर्गत संबंधित दुकानदारों पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे मिठाई एवं दुग्ध उत्पादों की खरीददारी विश्वसनीय दुकानों से ही करें। यदि कहीं भी उन्हें मिलावट की आशंका हो तो खाद्य एवं औषधि प्रशासन को तत्काल सूचना दें।



जांच कार्रवाई करती टीम।

# मनेन्द्रगढ़ को कब मिलेगा सर्वसुविधायुक्त आधुनिक बस स्टैंड, आज भी मांग अधूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिले का मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ वर्षों से एक सर्वसुविधायुक्त बस स्टैंड की मांग कर रहा है, लेकिन आज भी यह मांग अधूरी ही बनी हुई है।

वर्तमान बस स्टैंड नगर केभीतरी भाग में स्थित होने के कारण यहां यात्रियों के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों को भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। मौजूदा बस स्टैंड में न तो पर्याप्त शौचालय हैं, न ही यात्री प्रतीक्षालय की समुचित व्यवस्था, साफ-सफाई व प्रकाश की स्थिति भी दयनीय है। महिला यात्रियों के लिए यह स्थान और भी असुविधाजनक हो जाता है। मनेन्द्रगढ़ की जनसंख्या लगातार बढ़ रही है और इसके साथ ही शहर का विस्तार भी आवश्यक हो गया है। शहर की सीमाएं अब पुराने बस स्टैंड क्षेत्र से कहीं आगे निकल चुकी हैं। बढ़ते जनसंख्या घनत्व को देखते हुए ट्रैफिक दबाव को कम करने और नागरिकों की सुविधा के लिए बस स्टैंड को शहर से बाहर शिफ्ट करना समय की मांग बन चुकी है।

### लंबे समय से उठ रही मांग

स्थानीय नागरिक, व्यापारी संगठन, जनप्रतिनिधि और सामाजिक संस्थाएं बार-बार नया बस स्टैंड बसाहट क्षेत्र से बाहर विकसित करने की मांग कर चुके हैं। लालपुर, चैनपुर या अंबिकापुर रोड इलाके जैसे स्थानों को इसके लिए उपयुक्त माना गया है।

### शहर के विकास की दृष्टि से जरूरी

एक आधुनिक, हरित और सुव्यवस्थित बस स्टैंड न केवल यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाएगा, बल्कि शहर के व्यवस्थित विकास, यातायात नियंत्रण और स्वच्छता के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगा।

## खबर संक्षेप

### सहायक प्राध्यापक तिवारी को मिली पीएचडी की उपाधि

अम्बिकापुर। राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विधि संकाय के सहायक प्राध्यापक माघवेंद्र तिवारी को संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है।



उन्होंने सामाजिक-आर्थिक न्याय एवं न्यायिक सक्रियता एक विश्लेषणात्मक अध्ययन विषय पर डॉ.तरूण कुमार राय के निर्देशन में अपना शोध पूर्ण किया। श्री तिवारी ने डॉक्टर हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय सागर से इतिहास विषय में एमए, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के विधि अध्ययन शाला से एलएलबी एवं एलएलएम, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर से विधि विषय में एमफिल की उपाधि अर्जित की है।

### चर्च ऑफ गॉड संस्था ने कराया 101 यूनिट रक्तदान




अंबिकापुर। सामाजिक संस्था चर्च ऑफ गॉड द्वारा सरगुजा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में संस्था के 101 यूनिट रक्तदान किया। बता दें कि सामाजिक संस्था चर्च ऑफ गॉड वर्ल्ड मिशन सोसाइटी द्वारा जगह जगह सामूहिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। सीसी कड़ी में 20 जुलाई को राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सह अस्पताल में शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में शहर की महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, छग युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर शामिल हुए। कार्यक्रम में संस्था के 250 लोगों ने समूह ने अपने अभियान के तहत कार्यक्रम में हिस्सा लिया और शिविर में 101 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर में शामिल अतिथियों ने संस्था के प्रयासों की सराहना की और लोगों को अधिक से अधिक संख्या में आगे आकर रक्तदान के लिए प्रेरित किया ताकि लोग जरुरत के समय लोगों की मदद कर उनकी जान बचाई जा सके। बड़ी बात यह है कि मेडिकल कॉलेज में इस वर्ष का यह पहला बड़ा रक्तदान कैम्प था जिसमें इतनी बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान को लेकर अस्पताल प्रबन्धन ने भी संस्था के प्रयासों की सराहना की गई।

### शिवरात्रि पर नागेश्वर मंदिर में होगा जलाभिषेक

**अम्बिकापुर**। शहर के पंचशील गली सत्तीपारा स्थित नागेश्वर मंदिर में सावन शिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालु शंकरघाट से जल लेकर भगवान नागेश्वर का जलाभिषेक करेंगे। शेफाली ट्रेडर्स के संचालक मनोज अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 1990 में स्व.रामप्रताप अग्रवाल ने मंदिर का नींव रखा था जिसकी स्थापना वर्ष 2004 में पूरी हुई। सिंहाल परिवार के सदस्यों ने अपने प्रयासों से मंदिर का निर्माण कराया। बताया जाता है कि पूर्व में यहां नाग-नागिन का जोड़ा रहता था जिसे किसी ने मार दिया। मंदिर में हर सोमवार को भजन-कीर्तन एवं सावन शिवरात्रि के दिन श्रद्धालु कांवर लेकर जलाभिषेक करने पहुंचते है।

### एकता स्टेडियम में विद्यालयीन स्तरीय फुटबॉल एक अगस्त से

**बिश्रामपुर**। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थानीय एकता स्टेडियम में जिला फुटबॉल संघ के तत्वावधान में विद्यालयीन स्तरीय प्रोत्साहन कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना निर्धारित हुआ है।इस वर्ष इसकी शुरुआत एक अगस्त से होगी जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों की टीम शिरकत करेंगी।जिला फुटबॉल संघ के सुरेशन स्वाई, बुन्नू ने बताया कि उक्त आयोजन का यह बारहवां वर्ष है।आयोजन की तैयारियों को लेकर आज रविवार को एकता स्टेडियम में संघ के सदस्यों सक्रिय पदाधिकारियों की अगुवाई में बैठक की गई और आयोजन को लेकर विचार विमर्श हूआ,बैठक में बिश्रामपुर के वरिष्ठ खिलाड़ियों के अलावा ब्राइट स्टार फुटबॉल क्लब के खिलाड़ी मौजूद रहे।

### पिकअप की टक्कर से गंभीर ग्रामीण की मौत, चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर**। खेत से पैदल घर लौट रहे ग्रामीण को पिकअप चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए ग्रामीण की रायपुर अस्पताल में मौत हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने पिकअप चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार कुसमी थाना अंतर्गत ग्राम कंजिया निवासी प्रदीप बरगाह 29 जून की रात खेत की ओर से पैदल वीरेन्द्र रजवार के साथ घर आ रहे थे। जैसे ही घर के समीप पहुंचे तभी पिकअप क्रमांक सीजी 15 ईडी 5030 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार फरार हो गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों के रेफर करने पर परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। परिजन 2 जुलाई तक उपचार कराने तथा रेफर करने पर रायपुर में उपचार करा रहे थे। इसी दौरान गत दिन घायल की उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजन की रिपोर्ट पर पुलिस पिकअप चालक के विरूद्ध धारा 106(1) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### बरामदे में खड़ी बाइक को चोरों ने किया पार, अपराध दर्ज

**दरिमा**। पड़ोसी के बरामदे में खड़ी बाइक को बीती रात नकाबपोश चोरों ने पार कर दिया। पीड़ित ने थाना में बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शनिवार की रात दरिमा निवासी रिषभ सिंह पिता गंगा प्रसाद सिंह (20 वर्ष) अपनी यामहा मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 ईबी 8613 को अपने पड़ोसी सुखराम सिंह के बरामदे में खड़ा कर अपने घर चला गया। वह बाइक को लॉक करना भूल गया। सवेरे बरामदे में साइकिल नहीं होने पर उसने पूछताछ की। बाइक की जानकारी नहीं मिलने पर सीसीटीवी को खंगाला तो काले कपड़े का नकाब लगाए चोर बाइक को ले जाते दिखे।

---

### समितियों की वित्तीय स्थिति चरमराई

# शासकीय विभागों ने सहकारी समितियों को नहीं किया वर्मी कम्पोस्ट के 3.52 करोड़ बकाया का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




दो वर्ष पूर्व शासकीय विभाग को करोड़ों रूपए का वर्मी कम्पोस्ट आपूर्ति करने वाली सहकारी समितयां बकाया भुगतान नहीं मिलने के कारण वित्तीय संकट से जूझ रही हैं। समितियों ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से उधार लेकर महिलाा समूहों को वर्मी कम्पोस्ट खाद की कीमत का भुगतान किया था। समितियां बैंक की उधार राशि का भुगतान नहीं कर पाई हैं जिससे बैंक अब उधार की रकम पर 14 फीसदी की दर से ब्याज जोड़ रहा है। बकाया राशि का भुगतान जल्द नहीं हुआ तो सहकारी समितियों की वित्तीय हालत चरमरा जाएगी तथा उनका अस्तित्व संकट में पड़ जाएगा।

**खास बात**

- को-ऑपरेटिव बैंक से ऋण लेकर समूहों को किया था भुगतान, बढ़ रहा ब्याज

छत्तीसगढ़ की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने महत्वकांक्षी योजना नरवा, गरूवा, बाड़ी योजना की शुरूआत की थी। योजना के तहत गांव-गांव में गोठान बनाकर पालतू पशुओं के लिए आश्रय स्थल विकसित करने के साथ ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए समूहों के माध्यम से विभिन्न व्यवसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही थी। योजना के तहत गांव-गांव में गोबर खरीद कर समूहों द्वारा वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण करने के साथ ही अन्य कई व्यवसाय संचालित किए जा रहे थे। घर-घर पशुपालन होने एवं पशुपालकों द्वारा आवश्यकता के अनुरूप कम्पोस्ट तैयार कर अपने खेतों में उपयोग करने के कारण इस योजना से किसान नहीं जुड़ पाए। शासन के निर्देश पर सहकारी समितियों के माध्यम से समूहों द्वारा तैयार वर्मी कम्पोस्ट एवं सुपर कम्पोस्ट का कारोबार सहकारी समितियों के माध्यम से प्रारंभ किया गया। प्रशासनिक दबाव में समितियों से रासायनिक उर्वरक लेने वाले किसानों के लिए भी वर्मी कम्पोस्ट खरीदना आवश्यक कर दिया गया। वर्मी कम्पोस्ट लेने पर यूरिया उपलब्ध होने के दावा के कारण किसानों के लिए वर्मी कम्पोस्ट खरीदना मजबूरी बन गई जिसका किसान व्यापक स्तर पर विरोध करने लगे। कांग्रेस सरकार के प्रभावशाली जनप्रतिनिधियों ने भी इसका विरोध किया तथा जरूरत होने पर ही मांग के अनुसार किसानों को वर्मी कम्पोस्ट प्रदान करने अधिकारियों को निर्देशित किया। किसानों द्वारा वर्मी कम्पोस्ट खरीदी पूरी तरह बंद कर देने के कारण यह योजना पूरी तरह शासकीय विभागों तक सिमट कर रह गई। इधर महिला स्व-सहायता समूह लगातार वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण करते रहे तथा कृषि विभाग के अधिकारी सहकारी समितियों में बिना मांग आपूर्ति करते रहे। निर्माण एवं आपूर्ति के बीच किसी ने भी सहकारी समितियों के कारोबार एवं भविष्य की चिंता नहीं की। महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा आपूर्ति किए गए वर्मी कम्पोस्ट का भुगतान मांगने पर प्रशासन ने समितियों पर इतना अधिक दबाव बढ़ा दिया कि समितियों को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से उधार लेकर वर्मी कम्पोस्ट का भुगतान स्व-सहायता समूहों को करना पड़ा। वर्मी कम्पोस्ट से समिति का गोदाम भर जाने एवं मांग नहीं होने की बात पर प्रशासन के दबाव में वन विभाग, उद्यान विभाग, कृषि विभाग, रेशम विभाग एवं ग्राम पंचायतों ने करोड़ों रूपए का वर्मी कम्पोस्ट खरीद लिया। शासकीय विभागों ने करोड़ों के वर्मी कम्पोस्ट का क्या किया यह किसी ने जानने की कोशिश नहीं की। प्रशासनिक दबाव में करोड़ों का कम्पोस्ट खरीदने वाले विभाग भी समितियों को बकाया राशि का भुगतान करना भूल गए। दो साल का समय गुजरने के बावजूद समितियों को कम्पोस्ट का भुगतान नहीं मिल पाया है जिससे समितियों की वित्तीय स्थिति चरमरा गई है।

#### ये विभाग बकायादार

सहकारी समितियों ने विभिन्न शासकीय विभागों के साथ 4 करोड़ 52 लाख 75 हजार का करोबार किया था जिसका भुगतान आज तक नहीं मिल सका है। एकीकृत सरगुजा अंतर्गत सरगुजा, बलरामपुर, सूरजपुर, कोरिया, मनेन्द्रगढ़ जिला अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा 1 करोड 43 लाख, उद्यान विभाग द्वारा 74 लाख 62 हजार, रेशन विभाग ने 88 लाख, वन विभाग ने 1 करोड़ 6 लाख का वर्मी कम्पोस्ट क्रय किया था। ग्राम पंचायतों एवं अन्य शासकीय विभागों ने भी वर्मी कम्पोस्टकी खरीदी की थी। इस दौरान सरगुजा के शासकीय विभागों में 37.48 लाख, बलरामपुर में 1 कोड़ 6 लाख, सूरजपुर में 63.63 लाख, कोरिया में 50.71 लाख एवं एमसीबी के शासकीय विभागों में 9404 लाख का वर्मी कम्पोस्ट खरीदा था।

#### दो श्रेणी का बनता था वर्मी कम्पोस्ट

योजना अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा दो श्रेणी का वर्मी कम्पोस्ट तैयार किया जा रहा था। सामान्य वर्मी कम्पोस्ट 8 रूपए किलो एवं सुपर कम्पोस्ट 10 रूपए की दर से विक्रय किया जा रहा था। सहकारी समितियों का संचालन खाद-बीज के विक्रय से प्राप्त कमीशन राशि से होता है तथा कमीशन राशि ही समितियों की पूरी आय है। वर्मी कम्पोस्ट काका समय पर भुगतान नहीं मिलने के कारण कमीशन तो दूर समितियां ऋण राशि का भुगतान तक नहीं कर पाई हैं। इधर ऋण राशि की वापसी नहीं होने के कारण जिला सहकारी बैंक खाते में 14 प्रतिशत की दर से ब्याज जोड़ रहा है जो भविष्य में समितियों के अस्तित्व के लिए बड़ा संकट साबित हो सकता है।

#### ऋण राशि का नहीं मिला भुगतान

उर्वरक खरीदने के लिए सहकारी समितियां जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से ऋण लेती हैं तथा उर्वरकों का विक्रय कर ऋण राशि का भुगतान करती हैं। समितियों द्वारा वर्मी कम्पोस्ट की राशि का भुगतान नहीं किया है तथा बैंक नियमानुसार उनके खाते में ब्याज जोड़ रहा है। समिति प्रबंधक शासकीय विभाग द्वारा वर्मी कम्पोस्ट की बकाया राशि का भुगतान अब तक नहीं मिलने की बात कह रहे हैं।

-पीसी गुप्ता
विपणन अधिकारी, को-ऑपरेटिव बैंक

---

## विधायक के प्रयास से गांव सहित नगर में हो रहे विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर



विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते के प्रयासों से विधानसभा में जनहित में विकास कार्य किए जा रहे है। इस परिपेक्ष में प्रतापपुर ब्लॉक में सबसे अधिक अब तक करोड़ों के काम स्वीकृत हो चुके हैं। विधायक के प्रयासों से जनता की मांग पर कई विकास कार्य जिसकी जरूरत इस क्षेत्र को थी। शासन प्रशासन से स्वीकृति मिलने के बाद विभिन्न कार्य किए जा रहे है। जिसमें प्रमुख रूप से चन्दोरा से जजावल रोड कार्य प्रगति में है जिसकी लागत 9 करोड़ 30 लाख रूपए है। प्रतापपुर से मायापुर चन्दोरा रोड जो बन चुका है। जजावल वेदों नदी में एनीकट निर्माण 3 करोड़ का टेंडर प्रक्रिया में है। भेड़िया में जलाशय बांध निर्माण कार्य 3 करोड़, पौड़ी मोड बांध में से रिपेयरिंग कार्य 3 करोड़, ग्राम पंचायत खोरमा में एनीकट के बगल में रिटर्निंग वाल निर्माण 3 करोड़, नगर पंचायत प्रतापपुर में ऑडिटोरियम निर्माण कार्य 3 करोड़, रेस्ट हाउस का निर्माण कार्य 1 करोड़ 70 लाख रुपए स्वीकृत है। इसके अलावा नवीन नगर पंचायत कार्यालय का निर्माण 1 करोड़, नगर पंचायत के वार्ड 14 में सर्व सुविधायुक्त सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 54 लाख प्रगति में है। ग्राम पंचायत खोरमा नर्सरी में मछली पालन हेतु तालाब निर्माण कार्य 50 लाख, न्यायालय भवन निर्माण 7 करोड़ टेंडर प्रक्रिया है जबकि इनडोर स्टेडियम निर्माण कार्य 1 करोड़ 70 लाख टेंडर हो गया है। साथ ही विधायक निधि से विभिन्न क्षेत्रों में 103 हैंडपंप खनन, 2 करोड़ से अधिक के प्रतापपुर क्षेत्र के विभिन्न पंचायत के लिए निर्माण कार्य किए जा रहे।

## जोगी मुंडा नाला में पुलिया निर्माण हेतु 318 लाख रुपए स्वीकृत

**सूरजपुर**। जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 15 महुआपारा से होते हुए देवीपुर जाने वाले मार्ग पर जोगी मुंडा नाला में महत्वाकांक्षी पुलिया निर्माण हेतु कुल 318.61 लाख रुपए की राशि शासन द्वारा स्वीकृत की गई है। जिसमें पुलिया के साथ-साथ सड़क निर्माण भी किया जाना है।



पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष थलेश्वर साहू ने बताया कि उपरोक्त पुलिया निर्माण की मांग उनके साथ वार्ड वासियों द्वारा लंबे समय से की जा रही थी। पिछले नगर पालिका चुनाव के समय भी वार्ड वासियों द्वारा पुलिया निर्माण के मांग को प्रमुखता से रखा गया था। वार्डवासियों की मांग एवं आवश्यकता को देखते हुए विधायक भूलन सिंह मरावी एवं अन्य नेताओं के अथक प्रयास से स्वीकृत मिली। पुलिया निर्माण होने से शहर वासियों को भी इसका लाभ मिलेगा। इतनी बड़ी राशि की पुलिया निर्माण क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी एवं वरिष्ठ नेताओं के अथक प्रयासों से ही संभव हो पाया है।

---

# राजस्व अभिलेखों में कूटरचना कर दर्ज कराया अपना नाम, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- भू-माफिया अब भी फरार, राजस्व अधिकारियों की भूमिका भी संदेह के दायरे में

जमीन का खसरा नम्बर और रकबा बदलकर गलत तरीके से जमीन पर कब्जा करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने वाले दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जबकि इस पूरे फर्जीवाड़े का मास्टरमाइंड फरार चल रहा है। इतना ही नहीं इस पूरे जमीन फर्जीवाड़े के खेल में राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारियों, पटवारी की भूमिका भी संदेह के दायरे में है और अब पुलिस ने इनकी भी जांच शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि चौकी अंतर्गत आने वाले ग्राम आरा के ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से शिकायत की थी कि इकबाल नामक व्यक्ति द्वारा राजस्व अभिलेखों में फेरबदल कर बड़े पैमाने पर जमीन का फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। इस मामले में 29 अगस्त 2024 को कलेक्टर द्वारा जांच टीम का गठन किया गया था। इस जांच में इस बात की पुष्टि हुई कि ग्राम आरा में अभिलेख वर्ष 1954-55 के खाता क्रमांक 117, खाता क्रमांक-131, खाता क्रमांक-158, खाता क्रमांक-35, खाता क्रमांक-164, खाता क्रमांक-112, खाता क्रमांक-118, खाता क्रमांक-37 पृथक-पृथक नाम पर की गई है। ऐसे में इस मामले की शिकायत पर पुलिस ने लुंड्रा कुंदीकला निवासी 62 वर्षीय कमरुद्दीन अंसारी आ. मोहिउदीन अंसारी व व बारियों आरा निवासी 45 वर्षीय मुमताज जुलाहा आ. सुलेमान सहित 9 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया। इस मामले में पुलिस ने जब कमरुद्दीन अंसारी को हिरासत



में लेकर पूछताछ की तो उसने पुलिस को बताया कि उसे 1978-79 में सिंहदेव योजना के तहत पट्टा मिला था जिसका खसरा नम्बर 899/2/1 रकबा 1.092 हेक्टेयर था। इस जमीन पर बिफईया व उसके परिवार के लोगों ने कब्जा कर लिया। इस दौरान आरोपी ने पटवारी सीताराम के साथ मिलकर अपने भाइयों महबूब आलम, अलीमुद्दीन, शमीमुद्दीन का नाम उक्त जमीन में चढ़वाया गया लेकिन अब उक्त जमीन का खसरा नम्बर 899/20 व रकबा 1.092 हे. भूमि है। वहीं मुमताज अंसारी द्वारा भी खसरा नम्बर 931/25 के रकबा 0.405 हेक्टेयर भूमि 2005 में तिरलोचन आ. जगधारी से लिया था। उस दौरान पटवारी रामप्रवेश यादव द्वारा सभी दस्तावेज तैयार किए गये और बाद में उसने उक्त भूमि को खसरा नं. 931/42 रकबा नं. 0.405 हेक्टेयर को ग्राम आरा निवासी इकबाल आ. इजराइल को बेच दिया। दोनों ही मामलों में इस बात की पुष्टि हुई कि आरोपियों ने राजस्व विभाग के लोगों के साथ मिलीभगत कर जमीन के राजस्व अभिलेखों में छेड़छाड़ किया गया और अवैध तरीके से अपना नाम कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से राजस्व अभिलेख में दर्ज कराया गया है।

## जिला बाल संरक्षण इकाई के साथ संयुक्त टीम ने 30 बाल श्रमिकों का किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- कार से बच्चों को रोपा लगवाने लेकर जा रहे लोगों पर की कार्रवाई

जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल को ग्रामिणों द्वारा सूचना दी गई कि रामानुजनगर के दुरस्त ग्राम के छो टे - छो टे बच्चों को रोपा लगाने के लिए गाड़ियों में भर कर दूसरे गांव ले जाया जाता है जिससे गांव में स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति नगण्य है। जिसकी जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभम बंसल को दी गई। श्री बंसल ने तत्काल रेस्क्यू टीम बनाकर सुबह दबिश देकर अभियान चलाने का निर्देश दिया।

जिला बाल बाल संरक्षण इकाई के संरक्षण अधिकारी अखिलेष सिंह, चाईल्ड हेल्प लाईन समन्वयक जनार्दन यादव के साथ श्रम विभाग, पुलिस, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई की गई।



एक पिकअप वाहन, दो ऑटो एवं एक अल्टो कार में 30 बच्चे एवं लगभग 30 बडे सवार होकर दूसरे गांव रोपा लगाने जा रहे थे। जिसमें 12 प्राथमिक शाला, 10 माध्यमिक शाला एवं 5 हाई स्कूल के बच्चे तथा 3 बच्चे जिनका किसी भी स्कूल में नाम दर्ज नहीं है। बच्चों को बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत किया गया, जहां सभी बच्चों की काउंसलिंग की गई एवं समझाईस दिया गया कि सभी बच्चे पढ़ाई करें। रेस्क्यू की जानकारी पूरे गांव में फैल जाने के कारण गांव से सभी गाड़ी वाले बच्चों को गाड़ी से उतार दिए। अन्यथा गांव से लगभग 100 बच्चे दूसरे गांव काम करने जाने की जानकारी प्राप्त हुई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभम बंसल ने उपस्थित परिजन को सख्त लहजे में समझाइश दिया और कहा कि छोटे-छोटे बच्चों से श्रम करवाना चिंताजनक है। पूछताछ में पता चला कि छोटे-छोटे बच्चों को रोपा लगाने के लिए पारिश्रमिक 300 या 350 रुपये दी जाती है। जबकि गाड़ी वाले किसानों से 500 रुपये लेते हैं। गांव से इन बच्चों को सुबह खेतों मे छोड़ देते हैं और शाम को लेने के लिए आते हैं।

---

## नाला में बही ढाई वर्ष की मासूम, अस्पताल लाते समय गई जान

**अम्बिकापुर**। खेलते खेलते घर से निकली ढाई वर्षीय बालिका घर से कुछ दूर नाला में गिर गई जिससे पानी के तेज बहाव में बह गई। इधर नाला के समीप खेत में काम रहे रहे लोगों ने मासूम को बाहर निकाल परिजन को घटना की सूचना दी। परिजन मासूम को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार शहर से लगे ग्राम लब्जी निवासी शालिक राम यादव के ढाई वर्षीय पुत्री नेहा देवी यादव आज दोपहर घर में खेल रही थी। खेलने के दौरान ही बच्ची घर से बाहर निकल कर नाला के समीप पहुंच गई। बच्ची नाला के समीप खेल रही थी तभी अचानक नाला में गिर गई। इधर नाला के समीप खेत में काम कर रहे लोगों ने बच्ची को नाला में गिरते देख तत्काल मौके पर पहुंचे तो पता चला की बच्ची पानी के तेज बहाव में कुछ दूर तक बह गई थी। किसी तरह लोगों ने बच्ची को बाहर निकाल घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन बच्ची को लेकर तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## केंद्राध्यक्षों को दिया गया व्यापम निर्देशों का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा आयोजित परीक्षा केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था एवं परीक्षार्थियों के लिए नए सिरे से दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। ये निर्देश आगामी 20 जुलाई को होने वाले सब इंजीनियर भर्ती परीक्षा से लागू होंगे।



व्यापम द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में समन्वयक केंद्र राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में परीक्षा के नए नियमों की जानकारी देने केंद्राध्यक्षों का प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। इस बार व्यापम द्वारा सभी परीक्षा कक्ष में जैमर लगाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि परीक्षा में नकल की संभावना को रोका जा सके। सब इंजीनियर भर्ती परीक्षा के लिए केंद्रों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं ताकि परीक्षाएं शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से हो सके। इस बार जैमर की व्यवस्था भी शामिल है, जो परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स का उपयोग रोकने में मदद करेगा। सहायक समन्वयक एवं मास्टर ट्रेनर डॉ अनिल सिन्हा ने बताया कि परीक्षा के दिन परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के पहले परीक्षार्थियों के हैण्डहेल्ड मेटल डिटेक्टर तथा मैनुअल पैट डाउन फ्रिसकिंग की जाएगी। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में एक पुरूष और एक महिला पुलिसकर्मी यह कार्य करेंगे। महिला परीक्षार्थियों की फ्रिसकिंग महिला पुलिसकर्मी से कराया जाएगा। एक-एक पुलिसकर्मी बारी-बारी से परीक्षा केन्द्र परिसर एवं परीक्षा केन्द्र के बाहर का निरीक्षण करते रहेंगे ताकि कोई संदिग्ध गतिविधि न हो सके। डॉ.राजकमल मिश्रा, डॉ.एसएन पांडेय ने बताया कि व्यापम द्वारा परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व केंद्र में पहुंचने के निर्देश दिए गए है ताकि उनका फ्रिसकिंग और सत्यापन किया जा सके। परीक्षा शुरू होने के 15 मिनट के पहले परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े एवं चप्पल पहनकर परीक्षा केंद्र में आना होगा। परीक्षार्थियों के कान और बालों का भलीभांति निरीक्षण करने को कहा। निर्देश के अनुसार परीक्षार्थी परीक्षा शुरू होने के पहले आधा घंटा व समाप्ति के आखिरी आधे घंटे में परीक्षा केन्द्र से बाहर न जाए। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना मना है। निर्देशों के पालन में किसी भी तरह की चूक न होने पाए। इस अवसर पर अंबिकापुर नगर के पांच परीक्षा केंद्रों राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय, शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शासकीय पॉलिटेक्निक, शासकीय मल्टीपर्पज हायर सेकेण्डरी स्कूल तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यामिक विद्यालय के केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक उपस्थित रहे। आज जिले के पांच केंद्रों में सिविल और विद्युत एवं मैकेनिक सब इंजीनियर की भर्ती परीक्षा होगी।

## कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शासकीय कन्या उमावि में शाला प्रवेश उत्सव व साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नगर निगम महापौर श्रीमती मंजूषा भगत व भाजपा जिला उपाध्यक्ष अम्बिकेश केसरी शामिल हुए। अतिथियों ने नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर शाला प्रवेश कराया और पुस्तक व गणवेश का वितरण किया। वहीं कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट अंक हासिल करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया। वहीं अतिथियों ने सरस्वती साइकिल योजना के तहत छात्राओं को साइकिल का वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के थ पौधरोपण किया गया। महापौर श्रीमती भगत ने प्रार्थना स्थल के शेड हेतु पुनर्निर्माण की घोषणा की। इस दौरान एमआईसी सदस्य श्रीमती श्वेता गुप्ता, पार्षद शैलेश सिंह, नकुल सोनकर, संजय अग्रवाल, संजू वर्मा, आशीष सिंह राजपूत, हरविंदर सिंह भामरा, दीपक सोनी, अंकित तिर्की, श्रीमती सीमा कश्यप, श्रीमती शालिनी सिंह, प्राचार्य आरएल मिश्र, श्रीमती सुनीता दास, सुश्री शशि असाटी मौजूद थे।

21 JULY- JASH-CORIYA-RGH-JANJ- Bhoomi pg-3_Layout 1 7/21/2025 8:11 PM Page 1






# हमारे राम में रावण बने आशुतोष राणा

**मुंबई।** आशुतोष राणा बॉलीवुड में कई किरदार निभाने के लिए मशहूर रहे हैं। फिल्मों में उन्होंने सबसे ज्यादा नेगेटिव गिरदार निभाए हैं। अनुभवी अभिनेता इन दिनों नाटक 'हमारे राम' में रावण की भूमिका निभाकर मंच पर सबका दिल जीत रहे हैं। अपने अनुभव के बारे में बताते हुए, राणा ने बताया कि यह नाटक मनोरंजन से कहीं ज्यादा है। उन्होंने नाटक 'हमारे राम' में रावण की भूमिका और उसके महत्व के बारे में बात की है। आशुतोष राणा ने कहा 'अगर हम अपनी जिंदगी में भगवान राम की इस कहानी को अपनाते हैं, तो जिंदगी की सारी परेशानियां दूर हो जाती हैं।

## लाइफ Style



# उर्फी
## पैपराजी से चेहरा छिपाती आईं नजर

उर्फी जावेद का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह पैपराजी के सामने से भागती नजर आ रही हैं। वह पोज देने से भी बचती दिख रही हैं। उर्फी का कहना था कि उनके होंठ काफी सूज गए हैं। इसकी वजह वह पैपराजी को नहीं बताती हैं। लेकिन ,अपने इंस्टाग्राम पर इस प्रॉब्लम को डिस्कस करती हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

वायरल वीडियो से इतर उर्फी जावेद ने इंस्टाग्राम स्टोरी में एक पोस्ट साझा की है। जिसमें वह लिखती हैं, '18 साल की उम्र से मैं लिप फिलर ट्रीटमेंट ले रही हूं। हाल ही में मैंने इन्हें रिमूव करवाया है।' उर्फी कुछ दिन बिना लिप फिलर के ही नजर आएंगी। जल्द ही दोबारा इस ट्रीटमेंट को ले सकती हैं। इसी कारण से उनके होंठ सूज गए हैं। कई बार एलर्जी के कारण भी उर्फी के साथ ऐसा होता है। उर्फी अक्सर ही एलर्जी का शिकार भी होती हैं, जिससे उनके चेहरे पर सूजन आ जाती है। इस इंफ्लुएंसर ने बताया है कि वह इस दिक्कत का ट्रीटमेंट भी ले रही हैं। मगर जब-तब उनको यह समस्या आ जाती है।

हाल ही में उर्फी जावेद ने रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' जीता है। इस शो को जीतने के कारण वह चर्चा में आईं। सोशल मीडिया पर उर्फी की खूब ट्रोलिंग भी हुई। साथ ही उन्हें कई यूजर्स ने भला-बुरा भी कहा, गालियां तक दी हैं। इस बात को उर्फी ने खुलकर सोशल मीडिया पर साझा किया था। कुछ समय पहले उर्फी की लाइफ को लेकर एक रियालिटी शो 'फॉलो कर लो यार' आया था। इसमें उन्होंने अपनी जिंदगी को दिखाया था। साथ ही अपनी लाइफ, स्ट्रगल से जुड़ी कई बातें भी साझा की थी।

## हॉलीवुड मसाला



# जोश ने ब्रायना से की शादी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोश लुकास, जो 'येलोस्टोन' और 'स्वीट होम अलबामा' फिल्मों के लिए मशहूर हैं। उन्होंने हाल ही में टीवी मौसम विज्ञानी ब्रायना रफैलो से वेटिकन सिटी में शादी कर ली। यह निजी समारोह उनके करीबी परिवार और दोस्तों की मौजूदगी में हुआ। दोनों 2022 से एक-दूसरे के साथ थे। 34 साल की ब्रायना ने इंस्टाग्राम पर शादी की खूबसूरत तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने लिखा, श्रीमान और श्रीमती। कैथोलिक चर्च और वेटिकन सिटी में यह पवित्र संस्कार करके हम बहुत खुश और धन्य हैं।



# लाइव परफॉर्मेंस के दौरान गिरते-गिरते बचीं

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी पॉप सिंगर कैटी पेरी का हालिया परफॉर्मेंस उनके लिए किसी डरावने अनुभव से कम नहीं रहा। कॉन्सर्ट के दौरान वो लगभग परफॉर्म करते-करते गिरने वाली थीं, गनीमत रही कि उन्होंने खुद को संभाल लिया और बड़ा हादसा होने से टल गया। सैन फ्रांसिस्को में चल रहे 'लाइफटाइम्स टूर' के दौरान सिंगर एक विशाल तितली के आकार वाले प्रॉप पर बैठकर अपनी हिट सॉन्ग रॉर परफॉर्म कर रही थीं, तभी अचानक उसी प्रॉप में तकनीकी खराबी हो गई। प्रॉप हवा में झूल रहा था, तभी वो अपना बैलेंस खो बैठा और कैटी लगभग नीचे गिरने वाली थीं। लेकिन, कैटी ने अपने आप को शांत रखते हुए अपना गाना नहीं छोड़ा। सिंगर के इसी प्रोफेशनलिज्म की फैंस तारीफ कर रहे हैं। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



# रावण के नजरिए से बनेगी रामायण

**मुंबई।** फिल्म निर्माता नितेश तिवारी ने अपनी फिल्म 'रामायण' का ऐलान कर दिया है। यह फिल्म दो भागों में रिलीज होने वाली है। इस पर अभी काम चल रहा है। अभिनेता विष्णु मांचू ने भी हाल ही में खुलासा किया है कि उनके पास भी एक स्क्रिप्ट तैयार है। लेकिन, रामायण का उनका संस्करण रावण के जीवन पर केंद्रित है। नयनदीप रक्षित के साथ बातचीत में विष्णु मांचू से पूछा गया कि वह कहानी के हिसाब से किसे कास्ट करेंगे। इस पर उन्होंने कहा 'भगवान राम की भूमिका के लिए मेरे दिमाग में सबसे पहले अभिनेता सूर्या का नाम आता है।' सीता की भूमिका के लिए, उन्होंने आलिया भट्ट को चुना। उन्होंने खुलासा किया 'मेरे पास रावण के बारे में एक स्क्रिप्ट पहले से ही है। इसमें उनके जन्म से लेकर मृत्यु तक की कहानी है।



# वीकएंड पर आई सैयारा की आंधी

**मुंबई।** शुक्रवार को सिनेमाघरों में कई फिल्में रिलीज हुईं। इनमें से कुछ ने बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया तो कुछ फिल्मों का प्रदर्शन फीका रहा। अहान पांडे की फिल्म 'सैयारा' ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़ दिए। अहान पांडे की डेब्यू फिल्म 'सैयारा' ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़े हैं। दूसरे दिन फिल्म को वीकएंड का फायदा मिला है। फिल्म ने दूसरे दिन भी अच्छी कमाई की है। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी फिल्म सैयारा ने पहले दिन 21 करोड़ रुपए का कारोबार किया। दूसरे दिन यानी शनिवार को फिल्म ने 24 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। इस तरह से फिल्म ने अब तक 45 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। 18 जुलाई को रिलीज हुई इस फिल्म में अनीता पड्डा भी अहम किरदार में हैं।

## टीवी मसाला



# तारक मेहता का उल्टा चश्मा से पहले ये कॉमेडी सीरियल भी हुए खूब फेमस

नई दिल्ली। कई साल से कॉमेडी सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। इस शो की अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। लेकिन, यह अकेला कॉमेडी शो नहीं है जो चर्चा में है। 90's में कई कॉमेडी सीरियल टेलीकास्ट हुए जिनकी चर्चा आज तक होती है। आज सास-बहू के नाम पर टीवी सीरियल में ड्रामा, साजिश दिखाई जाती है। लेकिन 1996 के सीरियल 'तू तू मैं मैं' में सास-बहू की नोक-झोंक को कॉमेडी के अंदाज में दिखाया जाता है। साथ ही सास-बहू के बीच की प्यारी बॉन्डिंग भी इस सीरियल में नजर आती थी। 'तू तू मैं मैं' में सास के रोल में रीमा लागू और बहू के रोल में सुप्रिया पिलगांवकर थीं। साल 1989 में टेलीकास्ट हुए सटायर कॉमेडी सीरियल 'फ्लॉप शो' में कॉमेडियन जसपाल भट्टी ने दर्शकों को खूब हंसाया। वह सीरियल में एक तरफ हंसी का तड़का लगाते थे, वहीं सिस्टम, सोसायटी और पॉलिटिक्स पर सटायर भी करते थे। इस शो में उनका साथ पत्नी सवित भी देती थीं। आर. माधवन आज बॉलीवुड और साउथ के चर्चित एक्टर हैं लेकिन उनकी शुरुआत टीवी से हुई। माधवन ने कॉमेडी सीरियल 'घर जमाई(1997)' में दर्शकों को खूब हंसाया। इस सीरियल में एक पंजाबी ससुर और दक्षिण भारतीय दामाद के रिश्ते की कहानी दिखाई जाती थी। माधवन के किरदार सुब्बू की पत्नी के रोल में मंदिरा बेदी नजर आई थीं।

## तुलसी ने याद दिलाया मां-पत्नी-बहू का फर्ज

**नई दिल्ली।** क्योंकि सास भी कभी बहू थी टीवी की वो शो है, जो सालों पहले बंद हो गया, लेकिन उसकी कहानी और किरदारों की चर्चा आज भी खूब होती है। टीवी क्वीन एकता कपूर के इस शो लोगों ने खूब प्यार दिया था। लोगों को प्यार को देख एकता एक बार फिर से 'शांति निकेतन की यादों को ताजा करने के लिए 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' ला रही हैं। शो का पहला प्रोमो सामने आने के बाद फैंस शो के लिए एक्साइटेड थे। अब मेकर्स ने दूसरे प्रोमो के साथ एक्साइटमेंट लेवल को और हाई कर दिया है। क्योंकि, उन्होंने शो की रिलीज डेट के साथ टाइमिंग का भी ऐलान कर दिया है। शो में एक बार फिर स्मृति ईरानी नजर आने वाली हैं।



स्टार प्लस ने इंस्टाग्राम अकाउंट से शो का टीजर रिलीज किया है। इसमें स्मृति ईरानी की झलक है। उनकी एंट्री के साथ बैकग्राउंड से आवाज आती है, 'कभी-कभी सोचती हूं, अपने वो नहीं जो तस्वीरों में साथ खड़े होते हैं। अपने वो हैं जो तकलीफों में साथ खड़े होते हैं। लगता है जैसे कल की ही बात हो जब मैं शांति निकेतन आई थी, जहां एक छत के नीचे रहकर भी दिलों में फासले थे. कभी बच्चे राह से भटके, कभी बहू-बेटियों में फर्क किया गया, पर एक मां-पत्नी और बहू का फर्ज कहता है उसूलों के साथ प्यार हो तो परिवार जुड़ा रहता है।

# छह महीनों में 17 फिल्मों ने किया 100 करोड़ का आंकड़ा पार

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड से लेकर साउथ की कई फिल्में 2025 में रिलीज हो चुकी हैं। जबकि साल के सेकंड हाफ यानी जुलाई से दिसंबर में अभी कई बड़ी फिल्में रिलीज होनी बाकी हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि पिछले 6 महीनों में कौनसी फिल्में हैं, जिन्होंने 100 करोड़ का आंकड़ा बॉक्स ऑफिस पर पार किया है। वहीं इनमें बॉलीवुड की कितनी हैं? साउथ से कितनी हैं और हॉलीवुड से कितनी हैं? दरअसल एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 के पहले छह महीनों में भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 17 फिल्मों ने 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया है। इसमें आठ बॉलीवुड की फिल्में हैं, जबकि हॉलीवुड की एक और साउथ की नौ फिल्में शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक लिस्ट में पहले नंबर पर छावा है, जिसने 693 करोड़ की कमाई भारत में की है। वहीं, अन्य बॉलीवुड फिल्मों की बात करें तो सितारे जमीन पर ने 201 करोड़, हाउसफुल 5 ने 200 करोड़, रेड 2 ने 199 करोड़, स्काई फोर्स ने 130 करोड़, सिकंदर ने 121 करोड़, केसरी चैप्टर 2 ने 109 करोड़ और जाट ने 103 करोड़ की कमाई की है। साउथ की फिल्मों को देखें तो लिस्ट में दूसरे नंबर पर सांक्रितिकी वास्तुनम है, जिसने 222 करोड़ की कमाई की थी। इसके बाद गुड बैड अग्ली ने 183 करोड़, गेम चेंजर ने 153 करोड़, थुडरुम ने 144 करोड़, एल2ई एम्पुरान ने 126 करोड़, ड्रैगन ने 122 करोड़, डाकू महाराज ने 109 करोड़, कुबेरा ने 106 करोड़ की कमाई हासिल की है। हॉलीवुड फिल्मों की बात करें तो मिशन इम्पॉसिबल द फाइनल रेकनिंग ने 121 करोड़ की कमाई भारत में हासिल की है। जबकि जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है। वही, सुपरमैन भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है।




# नसीरुद्दीन शाह की रोमांटिक फिल्में इन किरदारों से जीता दर्शकों का दिल

**नई दिल्ली।** नसीरुद्दीन शाह हिंदी सिनेमा के उन दिग्गज अभिनेताओं में से एक हैं, जिन्होंने हर तरह के किरदार को अपनी शानदार अदाकारी से जीवंत किया है। चाहे कैसा भी किरदार क्यों न हो नसीरुद्दीन शाह का अभिनय उस किरदार में जान फूंक देता है। गंभीर रोल हो, खलनायक की भूमिका हो या फिर रोमांटिक किरदार, नसीरुद्दीन ने हर बार दर्शकों का दिल जीता है। आइए, जानते हैं उनकी कुछ खास फिल्मों के बारे में, जहां उन्होंने रोमांटिक किरदार निभाकर सभी का दिल जीत लिया।

**स्पर्श** : 1980 में आई सई परांजपे के निर्देशन में बनी फिल्म 'स्पर्श' में नसीरुद्दीन शाह ने अनिरुद्ध परमार का किरदार निभाया। यह एक ऐसी प्रेम कहानी है, जिसमें नसीर एक नेत्रहीन स्कूल प्रिंसिपल बने, जो कविता (शबाना आजमी) से प्यार कर बैठते हैं। दोनों के बीच स्पर्श के जरिए पनपने वाला प्यार दर्शकों को बहुत पसंद आया। इस फिल्म के लिए नसीर को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी मिला।

**बाजार** : सागर सरहदी की फिल्म बाजार 1982 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में नसीरुद्दीन ने सलीम का किरदार निभाया। यह फिल्म सामाजिक मुद्दों के साथ-साथ प्यार की भावनाओं को भी दिखाती है। नसीर के किरदार और स्मिता पाटिल, फारुख शेख जैसे कलाकारों के साथ उनकी केमिस्ट्री ने इस फिल्म को यादगार बना दिया।



**इश्किया** : फिल्म इश्किया में नसीरुद्दीन ने खालूजान का किरदार निभाया है, जो एक चालाक लेकिन दिल से रोमांटिक ठग है। यह फिल्म साल 2010 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में कृष्णा (विद्या बालन) के साथ उनकी केमिस्ट्री और मजेदार संवाद दर्शकों को खूब पसंद आए। नसीरुद्दीन ने इस किरदार में कॉमेडी और रोमांस का शानदार तालमेल दिखाया।

**द डर्टी पिक्चर** : फिल्म 'द डर्टी पिक्चर' में नसीरुद्दीन ने सूर्यकांत का किरदार निभाया, जो एक मशहूर फिल्म स्टार है। रेशमा उर्फ सिल्क (विद्या बालन) के साथ उनके रोमांटिक और जटिल रिश्ते को नसीरुद्दीन ने बखूबी पेश किया। उनका यह किरदार प्रेम, महत्वाकांक्षा और विश्वासघात की भावनाओं को दर्शाता है। यह फिल्म 2011 में रिलीज हुई थी।

**मासूम** : शेखर कपूर की फिल्म 'मासूम' 1983 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में नसीरुद्दीन ने एक शादीशुदा व्यक्ति का किरदार निभाया, जिसकी जिंदगी में प्यार और जिम्मेदारियों का तालमेल दिखाया गया। उनके संजीदा और रोमांटिक अंदाज ने दर्शकों को भावुक कर दिया। इस फिल्म में शबाना आजमी और सुप्रिया पाठक के साथ उनकी जोड़ी को खूब सराहा गया।

## पूरब और पश्चिम, यादगार, शोर जैसी फिल्मों में किया था बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम

# डॉन के प्रोड्यूसर के पास नहीं बची थी फूटी कौड़ी, चंद्र बरोट ने पूरी की शूटिंग

*नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन की 1978 की कल्ट क्लासिक फिल्म डॉन के निर्देशक चंद्र बारोट का रविवार, 20 जुलाई को 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन से फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है। डायरेक्टर चंद्र बारोट का जन्म तंजानिया में हुआ था और वो वहीं बड़े हुए थे। वहां बैंक में काम करने के बाद, उन्होंने भारत आने का फैसला किया. यहां मनोज कुमार के मार्गदर्शन में उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा था। चंद्र ने न केवल भारतीय सिनेमा को कल्ट क्लासिक डॉन दी, बल्कि पूरब और पश्चिम, यादगार, शोर और रोटी कपड़ा और मकान जैसी फिल्मों में बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम किया था। अमिताभ बच्चन और जीनत अमान अभिनीत फिल्म 'डॉन (1978)' भारतीय सिनेमा की सबसे कामयाब फिल्मों में से है। इस फिल्म का निर्देशन चंद्र बरोट ने किया था। यह फिल्म इतनी कामयाब रही थी कि इसी के नाम पर दो और फिल्में बनीं हैं। आइए जानते हैं इस फिल्म से जुड़े कुछ किस्से।*

### नरीमन ईरानी की मदद करने के लिए बनाई गई डॉन

डॉन' फिल्म को बनाने का काम तब शुरू हुआ जब अभिनेता-निर्माता नरीमन ईरानी की फिल्म 'जिंदगी जिंदगी' (1972) असफल हो गई। इसकी नकामी के बाद ईरानी कंगाल हो गए। नरीमन ईरानी की मदद करने के लिए निर्देशक चंद्र बरोट ने उनकी इस फिल्म में अपना हाथ लगाया। फिल्म में अमिताभ बच्चन को कास्ट किया गया। इसकी पटकथा के लिए सलीम-जावेद से हाथ मिलाया गया है। इसके बाद यह फिल्म बनाई गई।

### अमिताभ ने फीस नहीं लेने का किया वादा

बताया जाता है कि नरीमन ईरानी उन दिनों 12 लाख रुपए के कर्ज में थे। उस वक्त यह बड़ी रकम थी। ऐसे में कर्ज से उबरने के लिए अमिताभ बच्चन, जीनत अमान और चंद्र बरोट ने उन्हें एक और फिल्म बनाने की सलाह दी। उस वक्त नरीमन ईरानी से अमिताभ बच्चन ने कहा था कि अगर उनकी फिल्म हिट होती है, तो वह अपनी फीस लेंगे वरना वह फिल्म में काम करने का काई पैसा नहीं लेंगे। ऐसे में ईरानी फिल्म बनाने को राजी हो गए। फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी चंद्र बरोट ने संभाली।



**अमिताभ और बरोट को पसंद आई कहानी** : नरीमन ईरानी जब कहानी लेकर आए तो चंद्र बरोट ने इस पर काम करना शुरू किया। यह कहानी अमिताभ और चंद्र बरोट दोनों को पसंद आई। इस कहानी को पहले से ही लोग 'डॉन' कहानी के नाम से बुलाते थे। चंद्र बरोट को भी यह नाम पसंद आया। ऐसे में ईरानी ने डॉन के नाम से इस कहानी को रजिस्टर करा दिया।

### मुफ्त में मिली डॉन की कहानी

नरीमन ईरानी जब फिल्म बनाने को तैयार हुए तो उनके पास कोई कहानी नहीं थी। ऐसे में अमिताभ ने ईरानी को सलाह दी कि वह कहानी के लिए सलीम-जावेद से संपर्क करें। ईरानी ने ऐसा ही किया। सलीम-जावेद ने ईरानी को बहुत महंगी कहानी सुनाई। इसके बाद वहीदा रहमान की सिफारिश पर सलीम-जावेद ने ईरानी को एक फिल्म की कहानी दी। उन्होंने कहा कि अगर फिल्म हिट हुई तो पैसे देना, वर्ना पैसे मत देना। यह कहानी कोई और नहीं, बल्कि फिल्म डॉन की कहानी थी।

### हिट हुई फिल्म डॉन

पहले तो फिल्म को अच्छा रिस्पांस नहीं मिला, हालांकि कुछ दिनों के बाद फिल्म पर लोगों ने अपना प्यार लुटाना शुरू किया। बताया जाता है कि यह फिल्म 70 लाख में बनी थी और इसने बॉक्स ऑफिस पर 7.20 करोड़ रुपए का कारोबार किया। फिल्म के 5 गाने हिट रहे। इसे तीन फिल्मफेयर अवॉर्ड मिले।

### तबेले में हुई फिल्म की शूटिंग

फिल्म की शूटिंग शुरू हुई। चूंकि, नरीमन ईरानी के पास पैसे नहीं थे। ऐसे में चंद्र बरोट ने महंगे सेटों पर शूटिंग न करके फिल्म की मुंबई की गलियों में शूटिंग की। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि फिल्म का गाना 'खईके पान बनारस वाला' की शूटिंग तबेले में हुई थी।

**फिल्म रिलीज से पहले हुआ बड़ा हादसा** : हैरानी की बात यह है कि फिल्म के पूरा होने से पहले ही इसके निर्माता नरीमन ईरानी का निधन हो गया। नरीमन ईरानी राजकमल स्टूडियो में थे, तभी बादल फटने से दीवार गिरी और उनका निधन हो गया। हालांकि, चंद्र बरोट ने फिल्म का काम नहीं रोका। तीन साल के बाद उन्होंने इस फिल्म को बिना प्रचार के रिलीज किया।

## खबर संक्षेप



### महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता शिविर

**मनेन्द्रगढ़।** डॉ. आरएनएस शिक्षा महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में मतदाता जागरूकता और नवाचार के लिए एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, हटवाने एवं संशोधन तथा मत के अधिकार एवं उसके महत्व के बारे में आवश्यक जानकारी दी गई। उपरोक्त कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर रामकिंकर पाण्डेय, प्राचार्य, शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, सतीश द्विवेदी निर्वाचन पर्यवेक्षक की उपस्थिति में बीएलओ राधा भट्टाचार्य एवं रोहणी दास के द्वारा संबंधित विषय पर प्रशिक्षण एवं जानकारी प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य नरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव एवं व्यवस्थापक संकेत शर्मा, महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं सहित समस्त महाविद्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहे।

### अधिकारियों की हुई बैठक

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक में विभिन्न लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने नामांतरण, नक्शा तरमीम, बंटवारा, अवमानना और सायबर तहसील से जुड़े लंबित प्रकरणों की बारीकी से समीक्षा की।

### नशे से दूरी जरूरी चलाया अभियान

**अनूपपुर।** नशीले पदार्थों का सेवन एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जो व्यक्ति, परिवार और समाज को प्रभावित करती है। यह न केवल व्यक्तियों के स्वास्थ्य को खतरे में डालती है, बल्कि अपराधों में वृद्धि का भी एक प्रमुख कारण है। इस गंभीर समस्या से समाधान के लिए और एक स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए नशे से दूरी है जरूरी नशामुक्ति जनजागृति अभियान पूरे मध्यप्रदेश के साथ ही अनूपपुर जिले में 15 जुलाई से प्रारंभ हो गया है। यह नशा मुक्ति अभियान 30 जुलाई तक चलेगा। इसमें नशा पीड़ित व्यक्तियों को पुर्नवास की व्यवस्था करते हुए उन्हें नशामुक्त बनाया जाएगा।

### 6 वीं में प्रवेश के लिए आपत्ति 25 तक

**बैकुण्ठपुर।** सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए राज्य के उत्कृष्ट एवं प्रतिष्ठित विद्यालयों में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को निःशुल्क प्रवेश दिलाने के उद्देश्य से पंडित जवाहरलाल नेहरू उत्कर्ष योजना के तहत प्रवेश परीक्षा 30 मार्च को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों को प्राप्त अंको के संबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो 25 जुलाई को सायं साढ़े पांच बजे तक अपनी आपत्ति, आदिवासी विकास कार्यालय, कलेक्टरेट, बैकुंठपुर में उपस्थित होकर दर्ज करा सकते हैं।

### जिले में अब तक 490.0 मिमी वर्षा दर्ज



**मनेन्द्रगढ़।** जिले की भू-अभिलेख विभाग द्वारा जारी ऑकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटे में जिले में औसत 5.3 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जबकि कोटाडोल तहसील में अब तक की सर्वाधिक 673.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 1 जून से 20 जुलाई तक जिले में कुल औसत 490.0 मिमी वर्षा भू-अभिलेख शाखा द्वारा दर्ज की गई है, जो खरीफ फसलों की बोआई के लिए अनुकूल मानी जा रही है। भू-अभिलेख शाखा के अनुसार तहसीलवार वर्षा की बात करें तो मनेन्द्रगढ़ में 409.8 मिमी, खड़गवां में 414.7 मिमी, चिरमिरी में 448.7 मिमी, केल्हारी में 395.7 मिमी, भरतपुर में 597.5 मिमी और कोटाडोल में 673.6 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

## निधन

### विन्ध्याचल पाण्डेय

**बैकुण्ठपुर।** शहर के जूनापारा निवासी विन्ध्याचल पाण्डेय का निधन सोमवार को हो गया है। इनका का अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया, जहां परिजन समेत काफी संख्या में शहरवासी मौजूद रहे। वे हरेन्द्र पाण्डेय (डब्लू) एवं हरेश पाण्डेय के पिता थे।



---

### लगातार तीसरे वर्ष चरचा कॉलरी में रचा इतिहास

# बीएमएस यूनियन बहुमत से फिर शीर्ष पर

**हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी**

एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र अंतर्गत चरचा ईस्ट व वेस्ट ब्लॉक में कार्यरत श्रमिक संगठनों में सदस्यता सत्यापन के बाद भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) ने एक बार फिर भारी बहुमत के साथ चरचा माइन आरओ में जीत दर्ज की है। यह लगातार तीसरा वर्ष है, जब बीएमएस यूनियन ने शीर्ष स्थान हासिल कर इतिहास रच दिया।

प्रबंधन द्वारा तय की गई 19 और 21 जुलाई को दो दिवसीय सदस्यता सत्यापन प्रक्रिया में कुल पांच यूनियनों बीएमएस, इंटक, एचएमएस, एटक और सीटू ने भाग लिया। दो दिनों तक हुए सत्यापन में यूनियनों के बीच सदस्य संख्या जुटाने को लेकर जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। जानकारी के अनुसार बीएमएस यूनियनः 375, इंटक यूनियनः 259, एचएमएस यूनियनः 213 ,एटक यूनियनः 195, नोटाः 191, सीटू शून्य रहा। वहीं



खुशियां मनाते बीएमएस यूनियन के लोग।

दूसरे दिन का ऑकड़ा बीएमएस यूनियन 341, इंटक यूनियन 234, एचएमएस यूनियन 153, एटक यूनियन 181, नोटा 132, सीटू शून्य रहा।

कुल सदस्यता प्राप्त कर बीएमएस शीर्ष पर दोनों दिन मिलाकर बीएमएस यूनियन ने 721 सदस्यता संख्या के साथ सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। पिछली बार बीएमएस को 645 सदस्य मिले थे, इस बार कम मैनपावर के बावजूद बीएमएस ने नया कीर्तिमान बनाया। वहीं इंटक यूनियन 499 सदस्य दूसरा स्थान, एटक यूनियन 391 सदस्य तीसरा स्थान, एचएमएस यूनियन 380 सदस्य चौथा स्थान, नोटा 347 सदस्य सीटू यूनियन लगातार दूसरे वर्ष शून्य सदस्यता रहा। बीएमएस यूनियन की जीत पर केन्द्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में आतिशबाजी कर मिठाई बांटी गई। उन्होंने कहा कि यह जीत सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। संगठन भविष्य में भी श्रमिक हितों की रक्षा करता रहेगा।

बीएमएस ने 23 जुलाई से 17 अगस्त तक आठ सूत्रीय मांगों को लेकर जन आंदोलन शुरू करने की घोषणा भी की है। इस ऐतिहासिक जीत में जितेन्द्र श्रीवास्तव, सुशील शर्मा, रंजीत चटराज, विनोद दुबे, प्रवीण डेहरिया, विजय मिंज, रघुपत मिश्रा समेत अनेक पदाधिकारियों का योगदान रहा। वहीं इंटक यूनियन को दूसरी बार दूसरा स्थान मिलने पर एमएच खान, इंद्रजीत पाल, सुखराम, तपेश्वर महतो आदि ने विशेष भूमिका निभाई। वहीं सदस्यता सत्यापन में नोटा को 347 सदस्यों ने चुना, जो पिछले वर्षों की तुलना में अधिक है। सीटू यूनियन का कोई सदस्य न होना और नोटा को प्राथमिकता मिलना इस बार की सबसे अहम विशेषता रही। इस प्रक्रिया के निरीक्षक वरिष्ठ कार्मिक प्रबंधक हीरा सिंह एवं कार्मिक प्रबंधक ददन राम रहे। सत्यापन के दौरान शिवेन्द्र सिंह चौहान, अमन पटेल, बबलू सिंह, मो. काशिफ रजक, कविता इस्पोटा जैसे प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---



### स्वास्थ्य मंत्री की कांग्रेस पर तीखी टिप्पणी

# पूरी पार्टी पुत्र मोह में झोंकी गई

**हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल**

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल सोमवार को चिरमिरी स्थित श्यामली गेस्ट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस और भूपेश बघेल पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि चैतन्य बघेल, जिनका कांग्रेस में कोई पद ही नहीं है, उनके समर्थन में पूरा कांग्रेस प्रदेश आंदोलन कर रहा है, इससे स्पष्ट होता है कि भूपेश बघेल ने कांग्रेस को पुत्र मोह में पूरी तरह झोंक दिया है। मंत्री श्री जायसवाल ने प्रेसवार्ता में दस्तावेजों के साथ तथ्यों को उजागर करते हुए कांग्रेस के भ्रष्टाचार, झूठ और दोहरे रवैए को बेनकाब किया। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह अपराधियों के खिलाफ हो रही वैधानिक कार्रवाई को भटकाने का प्रयास कर रही है। हसदेव अरण्य को लेकर उन्होंने कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के फैसलों को उजागर करते हुए कहा कि कोल ब्लॉक आवंटन, पेड़ कटाई और पर्यावरण स्वीकृतियों के लिए खुद भूपेश सरकार जिम्मेदार है। वर्ष 2010 से लेकर 2023 तक की घटनाओं का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि कैसे राज्य और केन्द्र में कांग्रेस सरकारें स्वीकृति देती रहीं और अब उसी पर राजनीति कर रही हैं। प्रेसवार्ता में महापौर रामनरेश राय, सभापति संतोष सिंह, मंडल अध्यक्ष पुरूषोत्तम सोनकर, जिला उपाध्यक्ष जमुना पांडे, मीडिया प्रभारी संजय गुप्ता, राजेश उपाध्याय, राजू नायक, रीत जैन, बबलू शर्मा, अजय सिंह, दुर्गा प्रसाद सोनी, चोलू सेठिया, आशीष अग्रवाल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

# ओबीसी महासभा ने की 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने मांग की

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर**

ओबीसी महासभा कोरिया द्वारा विगत 32 वर्षों से लंबित 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण लागू करने की मांग को लेकर कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा गया।

यह पहल ओबीसी महासभा प्रदेश इकाई छग के आह्वान पर की गई। ज्ञापन में कहा गया कि देश की संघीय संवैधानिक व्यवस्था के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण का प्रावधान किया गया है, ताकि सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़ेपन को दूर किया जा सके। केन्द्र सरकार द्वारा एससी को 15 प्रतिशत और एसटी को 7.5 प्रतिशत जबकि राज्य सरकार द्वारा क्रमशः 12 प्रतिशत और 32 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। वहीं मंडल कमीशन की सिफारिश के आधार पर ओबीसी को केन्द्र में 27 प्रतिशत

- **कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा गया**



कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते ओबीसी महासभा कोरिया द्वारा ।

आरक्षण दिया गया, किंतु छग में अभी भी पुरानी व्यवस्था अनुसार केवल 14 प्रतिशत आरक्षण लागू है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि छग शासन ने 2 दिसंबर 2022 को आरक्षण संशोधन विधेयक पारित कर, ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन अब तक महामहिम राज्यपाल के हस्ताक्षर नहीं होने के कारण यह लागू नहीं हो पाया है। ओबीसी महासभा ने सरकार से या तो इस विधेयक पर शीघ्र हस्ताक्षर करवाने अथवा अध्यादेश लाकर आरक्षण लागू करने की मांग की है। महासभा ने चेतावनी दी है कि अगर समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो वे चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश सचिव कृष्णा प्रजापति, संभागीय सचिव गणेश राजवाड़े, अशोक जायसवाल, रविशंकर राजवाड़े, कुलदीप प्रजापति, राम नारायण साहू, कृष्णा राजवाड़े, हेमसागर यादव, डीएल भास्कर, रामधन देवांगन, शिवराम यादव, विजयलाल चक्रधारी, संतोष कुमार गोयल, देवराज, आनंद राजवाड़े, हीरालाल साहू, हरिशंकर राजवाड़े, महेश यादव, दीपक कुमार, श्याम कुमार, रामदास साहू, रामकुमार यादव, धर्मजीत सोनवानी, जवाहरलाल राजवाड़े, राजेश कुमार कुर्रे सहित काफी संख्या में ओबीसी समाज के लोग उपस्थित रहे।

---

# सेंट पैट्रिक्स एकेडमी में भव्य इंवेस्टिचर सेरेमनी

**मनेन्द्रगढ़।** 19 जुलाई को सेंट पैट्रिक्स एकेडमी में बहुप्रतीक्षित इंवेस्टिचर सेरेमनी 2025-26 का आयोजन गरिमामयी वातावरण में किया गया। यह कार्यक्रम नव-निर्वाचित स्टूडेंट काउंसिल के सदस्यों के औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण का प्रतीक रहा। विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति, मनमोहक प्रस्तुतियां और शपथ ग्रहण समारोह ने इस दिन को यादगार बना दिया। समारोह की शुरूआत ईश्वर से आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए एक भावपूर्ण प्रार्थना से हुई, इसके पश्चात मुख्य अतिथि श्रीमती इंदिरा मिश्रा (उप कलेक्टर, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर) द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य शाजू थॉमस, वरिष्ठ समन्वयक श्रीमती निशा, कनिष्ठ समन्वयक श्रीमती अनीमा तथा कार्यक्रम प्रभारी राजेन्द्र की उपस्थिति रही। अपने स्वागत भाषण में श्रीमती निशा ने नेतृत्व, अनुशासन और समर्पण के महत्व पर बल देते हुए विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक और आदर्श व्यक्तित्व के रूप में उभरने की प्रेरणा दी। मुख्य अतिथि श्रीमती इंदिरा मिश्रा का पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण इंवेस्टिचर सेरेमनी रहा। इसमें नवनिर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को बैज एवं सैश पहनाकर सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन नव-निर्वाचित हेड बॉय शुभ सागर सिन्हा एवं हेड गर्ल स्नेहा श्रीवास्तव द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।



---

# हसदेव मंडल के पदाधिकारियों से मिले स्वास्थ्य मंत्री



**हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़**

नगर पंचायत झगराखांड (हसदेव मंडल) में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने पहुंचे। मंत्री श्री जायसवाल ने हसदेव मंडल के नवनियुक्त मंडल पदाधिकारियों एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन की मजबूती, जनहित के मुद्दों और जमीनी स्तर की समस्याओं पर चर्चा की।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि भाजपा सरकार कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण के दम पर ही आज जनता के विश्वास पर खरी उतर रही है। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी और संगठनात्मक कार्यों को और अधिक सक्रियता के साथ आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं की समस्याएं भी सुनीं और संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस मौके पर मंडल की अध्यक्ष सुश्री बबीता सिंह, झगराखांड विधायक प्रतिनिधि उमेश जायसवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद गुप्ता, राजेश्वर सिंह, पी मनी, मंडल महामंत्री भगवान दास, नगर पंचायत झगराखांड के उपाध्यक्ष अभिषेक पांडेय, नेता प्रतिपक्ष देवनारायण सिंह, पार्षद दिलीप सिंह, मंडल उपाध्यक्ष संतोष वर्मा, मंत्री अनिमेष गुप्ता, राजेश प्यासी, मीडिया प्रभारी शुभम सिंह, सह प्रभारी पवन चक्रधारी भाजयुमो के अजय सिंह सहित अन्य प्रमुख कार्यकर्ता, पदाधिकारी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

---

## ग्रामीण क्षेत्रों को जल्द मिलेंगे प्रशिक्षित राजमिस्त्री

**बैकुण्ठपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) को और अधिक प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने तथा निर्माण कार्यों को गति प्रदान करने के उद्देश्य से कोरिया जिले में अब युवाओं को राजमिस्त्री का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिले में इस समय 9 हजार से अधिक आवास निमार्णाधीन हैं, जिनके लिए कुशल राजमिस्त्रियों की आवश्यकता को देखते हुए यह पहल शुरू की गई है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आर-सेटी) द्वारा यह प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसकी शुरूआत 18 जुलाई से ग्राम पंचायत बुढ़ार में हुई, जहां पहले बैच में 35 युवाओं को 35 दिवसीय ऑफलाइन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत ये युवा राजमिस्त्री के रूप में कार्य करने के लिए तैयार होंगे, जिससे न केवल आवास निर्माण में गति आएगी बल्कि युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि प्रथम चरण में 100 युवाओं को ऑफलाइन मोड में राजमिस्त्री का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ग्राम पंचायत बुढ़ार में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 35 युवाओं के बाद, अन्य युवाओं को भी उनके ग्राम पंचायत क्लस्टर स्तर पर ही प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।



## स्वावलंबन की मिसाल बनीं दीपा

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया की शांत घाटियों से एक प्रेरणादायक सफलता की कहानी सामने आई है। सोनहत जनपद की ग्राम कटगोड़ी निवासी श्रीमती दीपा साहू आज उन महिलाओं के लिए उदाहरण बन चुकी हैं, जो आत्मनिर्भर बनने का सपना देखती हैं। एक समय था जब दीपा सिर्फ घरेलू कार्यों तक सीमित थीं, लेकिन राष्टीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़ने के बाद उनका जीवन पूरी तरह बदल गया। अनादी महिला स्व सहायता समूह की सदस्य बनने के साथ उन्हें समूह का अध्यक्ष बनने का अवसर मिला। यहीं से उनके आत्मनिर्भर बनने की यात्रा ने गति पकड़ी। दीपा ने पहले ब्यूटीशियन का प्रशिक्षण प्राप्त किया और अपने घर में ही एक छोटा सा पार्लर आरंभ किया। इसके बाद उन्होंने सामुदायिक निवेश निधि (सीआईएफ) से 60 हजार रूपए और बैंक लिंकेज से 1.20 लाख रूपए का ऋण प्राप्त कर, न केवल पार्लर का विस्तार किया, बल्कि रेडीमेड कपड़ों की दुकान भी खोल ली। साथ ही केक बनाने का प्रशिक्षण लेकर यह हुनर भी व्यवसाय में शामिल कर लिया। आज दीपा के पास तीन सफल व्यवसाय है। पार्लर, कपड़े की दुकान और केक निर्माण। मेहनत, ईमानदारी और बचत की आदत से उन्होंने अपनी पहचान एक सफल महिला उद्यमी के रूप में बना ली है।



## जेल में बंदियों को मिला स्वरोजगार का प्रशिक्षण

**बैकुण्ठपुर।** जिला जेल बैकुंठपुर में परिरूद्ध बंदियों को पुनर्वास एवं आजीविका के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जेल मुख्यालय एवं शासन के निर्देश पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस क्रम में आरसेटी, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से लघु उद्यमी (फास्ट फूड स्टॉल) का प्रशिक्षण 8 जुलाई 2025 से प्रारंभ किया गया, जिसमें 35 बंदीगणों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान आरसेटी की प्रशिक्षक श्रीमती नेमा पटेल द्वारा बंदियों को साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखते हुए विभिन्न प्रकार के फास्ट फूड व्यंजन तैयार करना, व्यावसायिक दक्षता, ग्राहक सेवा एवं गुणवत्ता से संबंधित जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर 19 जुलाई को सभी 35 बंदियों का मूल्यांकन किया गया। सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर आरसेटी डायरेक्टर महती बनरा, मूल्यांकनकर्ता सुरोजित गुहा एवं श्रीमती राजेश्वरी अग्रवाल, फैकल्टी सुश्री पूनम यादव, सहायक जेल अधीक्षक एसके आबिद रजा एवं जेल के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



**35 बंदियों को मिला प्रमाण पत्र**

---

# भरतपुर में होगा जनदर्शन और न्यायालय प्रकरणों की कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़**

जिले के विकासखंड भरतपुर के नागरिकों की सुविधा के लिए कलेक्टर डी. राहुल वेंकट द्वारा एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय लिया गया है।

उन्होंने नवपदस्थ अपर कलेक्टर विनायक शर्मा को भरतपुर स्थित अपर कलेक्टर न्यायालय की जिम्मेदारी सौंपी है। इस निर्णय से अब भरतपुर ब्लॉक सहित दूरस्थ तहसील कोटाडोल के रहवासियों को न्यायिक एवं प्रशासनिक कार्यों के लिए जिला मुख्यालय नहीं आना पड़ेगा। कलेक्टर कार्यालय की तर्ज पर ही भरतपुर न्यायालय में भी जनदर्शन का टोकन कटेगा और प्रकरणों को ऑनलाईन एंट्री किया जाएगा। अब भरतपुर क्षेत्र के लोगों को मनेन्द्रगढ़ आने की आवश्यकता नहीं रह जाएगी, इससे वहां के आमजन को समय और धन दोनों की बचत होगी। अपर कलेक्टर भरतपुर अनुविभागीय में नियमित रूप से जनदर्शन के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनेंगे। जनदर्शन प्रत्येक द्वितीय और चतुर्थ मंगलवार को प्रातः 11 से दोपहर 1 बजे तक अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय, भरतपुर में आयोजित किया जाएगा। इसी दिन अपर कलेक्टर न्यायालय की कार्रवाई दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक भरतपुर स्थित राजस्व कार्यालय में संपन्न किया जाएगा।

- **कलेक्टर कार्यालय की तर्ज पर ही कटेगा जनदर्शन का टोकन**

# ऑनलाइन अपराधों से बचाव के लिए बालिकाएं हुईं सजग

**हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेंद्रगढ़**

भारत सरकार की योजना बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बालिकाओं की सुरक्षा के मद्देनजर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेन्द्रगढ़ में ऑनलाइन सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता विषय पर पहला सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट के आदेशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके खाती के मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन सिंह के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन महिला सशक्तिकरण (हब) मिशन शक्ति के अंतर्गत जिला मिशन समन्वयक श्रीमती तारा कुशवाहा के नेतृत्व में किया गया। यह सत्र वर्तमान समय में बालिकाओं के प्रति बढ़ते साइबर अपराध, ऑनलाइन धोखाधड़ी, डेटा चोरी, बैंकिंग, जालसाजी, मैलवेयर, रैनसमवेयर, सॉफ्टवेयर चोरी, डी-डॉस हमलों एवं साइबर जासूसी जैसे खतरों के प्रति जागरूकता को ध्यान में रखकर आयोजित किया गया था। पुलिस विभाग से श्रीमती उषा राजवाड़े ने बालिकाओं को इंटरनेट से जुड़े खतरों से सचेत रहने, सोशल मीडिया उपयोग में सावधानी बरतने और साइबर अपराधों की जानकारी देते हुए उनके बचाव के उपाय बताए। जिला मिशन समन्वयक श्रीमती कुशवाहा ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बालिका समृद्धि योजना, पूरक पोषण आहार, किशोरी बालिकाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में सत्येन्द्र सिंह, टी. विजय राव, दीपा देवांगन, प्रिया दुबे एवं चांदनी राज के साथ विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

